भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण

<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>

<u>बार्सीलोना, स्पेन में वर्ल्ड रूट्स 2017 का सफलतापूर्वक समापन ।</u>

बार्सीलोना, 26 सितम्बर, 2017 : वर्ल्ड रूट्स 2017 का आज यहां सफल समापन हुआ जिसमें श्री आई एन पूर्ति, सदस्य (प्रचालन) के नेतृत्व में भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। भा वि प्रा प्रतिनिधियों की 30 से अधिक वैश्विक विमान सेवाओं तथा विभिन्न राष्ट्रों के सरकारी प्रतिनिधियों के साथ सफलतापूर्वक बैठक हुई और उन्होंने उन्हें भारत के विभिन्न शहरों से प्रचालन आरम्भ करने के लिए आमंत्रित किया ।

नागर विमानन मंत्रालय के संरक्षण में, आयोजन स्थल पर भारत के मंडप में सभी प्रमुख हवाईअड्डा प्रचालकों यथा भा वि प्रा, जी एम आर, जे वी के, बंगलौर एयरपोर्ट लिमि.(बायल) तथा कोचीन इन्टरनेशनल एयरपोर्ट लिमि.(सियाल) ने प्रदर्शन किया । मंत्रालय के नेतृत्व वाले पहलुओं यथा उड़ान (उड़े देश का आम नागरिक), विंग्स 2018 तथा गगन को भी इस कार्यक्रम के दौरान विशेष रूप से प्रदर्शित किया गया।

भारत के मंडप का दौरा करने वाले प्रमुख गणमान्यजनों में मोजाम्बिया के नागर विमानन मंत्री, बिल्वायो, स्पेन के अवसंरचना मंत्री, तथा वैश्विक विमानसेवाओं के कुछ वरिष्ठ प्रतिनिधि शामिल थे ।

भा वि प्रा प्रतिनिधि मंडल की प्रमुख विमानसेवाओं यथा ओमान एयर, ब्रिटिश एयरवेज, एयर कनाडा, हांग कांग एयर लाइन्स, कुवैत एयरलाइन्स, मोनार्क एयरलाइन्स, गल्फ एयर, फिनएयर तथा विएटजेट एयर के साथ मांग विकास संबंधी बैठकें सफल हुई ।

आकर्षित डिजाइन के अतिरिक्त, भारतीय मंडप में योगगुरू द्वारा सजीव योगासन प्रदर्शन के कारण अत्यधिक लोग आकर्षित हुए ।

वर्ल्ड रूट्स प्रत्येक विमानसेवा, हवाईअड्डा और विमानन अंशधारकों के लिए वैश्विक मिलन स्थल है ।

जनसम्पर्क विभाग द्वारा जारी

विस्तृत जानकारी के लिए संपर्क करें

म.प्र. (जनसंपर्क) 011-24622787,9811521881,

प्रेस विज्ञप्ति सं0 36/2017-18

वर्ल्ड रूट्स 2017, बार्सीलोना, स्पेन के दौरान भारत मंडप में संरचना तथा परिवहन मंत्री, बिल्वाओ, स्पेन के साथ श्री आई.एन मूर्ति, सदस्य (प्रचालन) (केन्द्र में), श्री जे.बी. सिंह, महाप्रबंधक(जनसंपर्क), भा वि प्रा (दाए से दूसरे) तथा भारतीय प्रतिनिधि मंडल के अन्य सदस्य